


# Class iii

**Case study**

**नीचे दिए गए पंक्तियों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनो-**

गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई,1861 को कोलकाता में हुआ था। हर वर्ष 7 मई को

रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई जाती हैं। इनके पिता श्री देवेन्द्रनाथ टैगोर व माता शारदा देवी थी। रविन्द्रनाथ टैगोर की बाल्यकाल से कविताएं और कहानियाँ लिखने में रुचि थी। रवीन्द्रनाथ टैगोर को प्रकृति से अगाध प्रेम था।

रविन्द्र नाथ टैगोर एक बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, निबंधकार, नाटककार और चित्रकार थे।

महात्मा गाँधी ने रविन्द्र नाथ टैगोर को 'गुरुदेव' की उपाधि दी। रविन्द्र नाथ टैगोर को उनकी काव्य रचना 'गीतांजलि' के लिए सन 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले वह पहले एशियाई व्यक्ति थे |

इनके गीतों में से एक-"आमार सोनार बांग्ला" बांग्लादेश का राष्ट्रीय गीत है और इन्ही का गीत-"जन गन मन अधिनायक जय हे" अपने देश भारत का राष्ट्रगान है |

***(दूसरे भाग में प्रश्नों को दिया जाएगा | )***